दिनांक: 14.11.2026 समय: 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर-अजमेर

प्रादेशिक समाचार

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत आज 25 ज़िलों में ज़िला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान प्रक्रिया सम्पन्न।

राज्य सरकार ने भू-रूपांतरण के नियमों में बदलाव किया-90ए की प्रक्रिया अब ऑनलाइन होगी।

प्रदेश में वन संरक्षण और ईको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने के प्रयास-मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये।

राज्य के कुछ हिस्सों में मौसम का मिज़ाज बदला-कल 10 जिलों में हल्की बारिश का येलो अलर्ट।

000

राजस्थान पंचायतीराज चुनाव-2026 के चौ□ चरण के तहत आज 25 जिलों में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतदान प्रक्रिया अब से कुछ ही देर पहले सम्पन्न हुई। ताजा समाचार मिलने तक इस चरण में लगभग 65 प्रतिशत वोट डाले गये। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार दोपहर तीन बजे तक 55 दशमलव चार तीन फीसदी मतदान हुआ। छुटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान शांतिपूर्ण रहा। शुरूआती घंटों में मतदान की रफ्तार धीमी रही, जिसमें दिन चढ़ने के सा□ ही बढ़ोतरी हुई। वहीं दोपहर बाद कई पोलिंग बू□ पर लम्बी कतारें देखने को मिलीं। कुछ बू□ों पर ईवीएम खराबी के कारण मतदान प्रक्रिया □ोड़े समय के लिए प्रभावित हुई। टोंक के निवाई क्षेत्र के तुर्किया गांव और सवाईमाधोपुर के छारौदा ग्राम पंचायत में ईवीएम के खराब होने से करीब एक घंटे तक मतदान रुका रहा।

गांवों की सरकार चुनने के इस उत्सव के चौ□ और अंतिम चरण में चुनावी मुकाबले के लिहाज़ से श्रीगंगानगर सबसे बड़ा जिला है। यहां करीब 8 लाख 67 हजार मतदाता हैं। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए यहां प्रदेश में सबसे ज्यादा उम्मीदवार मैदान में हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि गांव-गांव में इन चुनावों को लेकर काफी गहमा-गहमी बनी हुई हे। प्रत्याशियों ने मतदाताओं का समर□न जुटाने में पूरी ताकत झोंक दी।

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए आज हुए मतदान के वोटों की गिनती 20 नवम्बर को जिला मुख्यालयों पर की जाएगी। वहीं चौ□ और अंतिम चरण में पंच और सरपंच पदों के लिए 16 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे।

इस बीच, राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह आज धौलपुर पहुंचे। उन्होंने चौ□ चरण की चुनाव प्रक्रिया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के सा□ समीक्षा बैठक की।

000

राज्य सरकार ने भू-रूपांतरण के नियमों में बदलाव किया है। कृषि भूमि के गैर-कृषि उपयोग में परिवर्तन यानी 90ए की प्रक्रिया अब ऑनलाइन और आटोमेटिक होगी। सरकार ने राजस्थान अर्बन एरिया रूल्स-2026 लागू किये हैं। और ब्यौरा न्यूज डेस्क से -

---

000

राज्य में 19 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को स्वामित्व कार्ड यानी संपत्ति का आधिकारिक दस्तावेज प्राप्त हो गया है। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आज जयपुर में स्वामित्व योजना की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी गई। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि स्वामित्व कार्डों के आधार पर बैंकों से ऋण लेने के अवसर बढ़े हैं। सा□ ही आर्□िक गतिविधियों में भी तेजी आई है। उन्होंने कहा कि सम्पत्तियों की स्पष्ट सीमा से पारदर्शिता बढ़ी है और विवादों में कमी आई है। बैठक में पंचायतीराज आयुक्त डॉ. जोगाराम ने बताया कि प्रदेश के 36 हजार से ज्यादा गांवों में ड्रोन सर्वे का काम पूरा हो चुका है। ये कुल गांवों का 99 प्रतिशत से अधिक है। वहीं 27 हजार 705 गांवों का जमीनी सत्यापन भी पूरा किया जा चुका है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानी दिवस को प्रवासियों राजस्थानियों को अपनी जन्मभूमि से जुड़ने और प्रदेश की विकास यात्रा में भागीदारी निभाने का अहम अवसर बताया है। श्री शर्मा ने 8 से 10 दिसम्बर तक जयपुर सहित अन्य स्थानों पर आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रवासी राजस्थानियों के अनुभव और उद्यमशीलता त□ा निवेश क्षमता को प्रदेश की प्रगति से जोड़ना है। उन्होंने अधिकारियों

को आपसी सहयोग और समन्वय के सा□ सभी कार्यक्रमों के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिये। तीन दिवसीय प्रवासी राजस्थानी दिवस में 8 दिसम्बर को झुंझुनूं में शेखावाटी हेरिटेज मीट भी रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान पेट्रो केमिकल ज़ोन को लेकर भी आज महत्वर्पूण बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को इस ज़ोन में ज्यादा से ज्यादा औद्योगिक इकाईयां लगाने के सा□ स्थानीय स्तर पर उत्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इससे प्रदेश में रोजगार के नये अवसर सृजित होने के सा□ ही राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान पेट्रो केमिकल ज़ोन को औद्योगिक विकास के प्रमुख केन्द्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।

000

प्रदेश में वन संरक्षण और ईको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने आज जयपुर में वन विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को ईको-टूरिज़्म के काम संबंधित विभागों से समन्वय के सा□ प्रा□मिकता से करने के निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने इसके लिए अधिकारियों को 22 नवम्बर तक अगले चार महीने की कार्य योजना पेश करने को कहा। बैठक में उन्होंने वन क्षेत्रों में गश्त करने वाले कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। सा□ ही अवैध खनन की रोक□ाम को लेकर की गई कार्रवाई का ब्यौरा प्रस्तुत करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि नये पौधरोपण और पौधों की देखभाल त□ा वन्यजीव संरक्षण की प्रगति का विवरण भी पेश किया जाए।

000

आज बाल दिवस है। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती को देशभर में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई नेताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और अन्य नेताओं ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी।

बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विभिन्न स्कूलों और संगठनों के विद्यार्ि□यों, शिक्षकों त□ा अभिभावकों से बातचीत की। राष्ट्रपति भवन में हुए इस कार्यक्रम में श्रीमती मुर्मु ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उन्हें ज़िम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

000

आज विश्व मधुमेह दिवस है। दुनियाभर में इस बीमारी के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की □ीम "मधुमेह का समय रहते इलाज" रखी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने साल 2030 तक इस बीमारी से पीड़ित 80 प्रतिशत लोगों की पहचान करने का लक्ष्य रखा है। व्यक्ति को बार-बार प्यास लगने, नजरें धुंधली होने, बहुत ज्यादा □कान रहने और घाव धीर-धीरे बढ़ने जैसे लक्षण दिखाई देने त□ा बार-बार संक्रमण होने पर मधुमेह की जांच अवश्य करवानी चाहिए। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज के डॉ.संदीप मा□ुर ने बताया कि मधुमेह बीमारी होने पर जीवनशैली में बदलाव और नियमित व्यायाम जरूरी है।

000

प्रदेश के कुछ हिस्सों में मौसम का मिज़ाज आज से एक बार फिर बदलना शुरू हो गया है। नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में बादल छाये हुए हैं। श्रीगंगानगर में सुबह हल्की बारिश हुई सा□ ही आस-पास के जिलों में ठंडी हवा का दौर चला। मौसम विभाग ने आज और कल दस से ज्यादा जिलों में तेज हवाओं के सा□ हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, बीकानेर, हनुमानगढ़, फलौदी, जैसलमेर और चूरू सहित कई इलाकों में कल दोपहर बाद बादल छाये रहे। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से दिन के तापमान में भी □ोड़ी कमी आई है। बाड़मेर में दिन का पारा 35 डिग्री के आस-पास दर्ज हुआ, जो कि पिछले एक हफ्ते से 37 डिग्री से ऊपर बना हुआ □ा। कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आई है। आबूराज में रात का पारा सबसे कम 11 दशमलव 3 डिग्री मापा गया। अगले कुछ दिनों में दिन और रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

000